हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 16 मार्च 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 20. 0 डिग्री

महज पंजीयन करने तक सिमटा ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज
4



## खबर संक्षेप

### निष्क्रिय सहकारी समितियों के परिसमापन की प्रक्रिया शुरू

**सक्ती।** जिले में संचालित सहकारी संस्थाओं के संचालन नहीं होने के कारण उनके परिसमापन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी नियम 1962 के उपनियम 57 के तहत परिसमापन की कार्यवाही की जा रही है। कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्था जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 एवं नियम 1962 के प्रावधानों के अंतर्गत जिन सहकारी संस्थाओं द्वारा लंबे समय से संचालन नहीं किया जा रहा है, उनके परिसमापन के लिए परिसमापक नियुक्त किए गए हैं। संबंधित संस्थाओं के समस्त दावेदारों एवं लेनदारों से कहा गया है कि वे अपने दावे का लिखित प्रमाण 15 दिवस के भीतर कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्था जिला सक्ती के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त होने वाले दावों को मान्य नहीं किया जाएगा। कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्था जिला सक्ती द्वारा बताया गया है कि उपलब्ध अभिलेखों एवं प्राप्त जानकारी के आधार पर परिसमापक द्वारा परिसमापन की वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति के पास संबंधित संस्था के अभिलेख, धनराशि अथवा अन्य संपत्ति हो तो उसे तत्काल परिसमापक को सौंपना होगा, अन्यथा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जिला जेल जांजगीर में 169 बंदियों की हुई जांच

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल परिसर जांजगीर में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आधुनिक हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी की स्क्रीनिंग की गई तथा बंदियों को हेपेटाइटिस-बी संक्रमण से बचाव हेतु टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में हैंड हेल्ड डिजिटल एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। इसी क्रम में उच्च जोखिम समूह के अंतर्गत जिला जेल परिसर जांजगीर में बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गई। अभियान के तहत पहले दिन 63 बंदियों तथा दूसरे दिन 106 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई। इस प्रकार कुल 169 बंदियों की जांच की गई, जिनमें से 28 बंदियों का चेस्ट एक्स-रे कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला नोडल अधिकारी (एनटीईपी) डॉ. पुष्पेंद्र लहरे, प्रोग्राम कंसल्टेंट एवं जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. अंजुलता साहू, जिला नोडल अधिकारी डॉ. दीपक साहू, जेलर डी.डी. टोण्डे, विशाल पटेल, टीबी समन्वयक उमाशंकर साहू, रेडियोग्राफर जयेश साहू तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मुकेश कुमार का सहयोग रहा।

### जर्वे-पिसौद मुख्य मार्ग बना परेशानी का सबब

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क बद से बदतर हो चली है। सड़क जर्जर होने से इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चे एवं स्टाफ को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जर्वे मुख्य मार्ग में स्कूल के पास से खराब हुआ मार्ग गांव के अंतिम छोर तक जाता है। ऐसे में लोगों को गंदगी युक्त मार्ग से होकर आवाजाही करने की मजबूरी बनी रहती है।

वित्तीय वर्ष समाप्त होने में महज पखवाड़ेभर का समय शेष

# 2 करोड़ 24 लाख से अधिक की टैक्स वसूली अभी बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला को 3 करोड़ 72 लाख 49 हजार रुपए के राजस्व वसूली का टारगेट मिला हुआ है, जिसके तहत पालिका द्वारा एक करोड़ 48 लाख की वसूली की जा चुकी है। वहीं अभी भी 2 करोड़ 24 लाख रुपए का टैक्स वसूल करना बाकी है। इधर वित्तीय वर्ष को समाप्त होने में महज 16 दिन का ही समय अब बाकी रह गया है। टैक्स वसूली को लेकर जिम्मेदार पालिका प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

पालिका प्रशासन जांजगीर-नैला को हर साल शहर में रहने वाले लोगों से टैक्स वसूल किया जाना रहता है वहीं इस राशि का उपयोग कर्मचारियों को वेतन सहित शहर के विकास में खर्च किया जाना रहता है। वित्तीय वर्ष 2025 एवं 26 में पालिका प्रशासन को लोगों से 3 करोड़ 72 लाख 49 हजार रुपए के टैक्स वसूली का लक्ष्य मिला है वहीं इसके एवज में पालिका प्रशासन लोगों से 1 करोड़ 48 लाख रुपए की वसूली कर चुका है जबकि अभी भी 2 करोड़ 24 लाख 49 हजार रुपए की टैक्स वसूली करना बाकी रह गया है, वही वित्तीय वर्ष को समाप्त होने में महज 16 दिन का ही समय अब बाकी रह गया है। समय में बदलाव के साथ-साथ जांजगीर शहर में लोग काम सहित अन्य कार्यों के लिए शहर में आकर बस जा रहे हैं इसके बदले शहर में रहने वाले लोगों को हर साल पालिका प्रशासन को टैक्स देना रहता है ताकि इस राशि का उपयोग शहर के विकास कार्य के साथ पालिका में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को वेतन देने के काम आ सके, लेकिन टैक्स वसूली कार्य को लेकर जिम्मेदार पालिका प्रशासन के लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके चलते टैक्स की समुचित वसूली नहीं हो पा रही है। हर साल शहर में बड़े पैमाने पर मकान बनाए जा रहे हैं। पानी का उपयोग लोग बड़ी संख्या में कर रहे हैं। कई लोग दुकान का संचालन कर रहे हैं। ऐसे लोगों से हर साल पालिका प्रशासन को टैक्स वसूल किया जाना है, लेकिन टैक्स वसूली का कार्य धीमी गति से चल रहा है। जांजगीर शहर की आबादी 50 हजार को पार कर गई है। साथ ही साथ शहर के वार्डों की संख्या भी अब पहले की अपेक्षा बढ़ाने की जरूरत महसूस की जा रही है। ऐसे जहां शहर की आबादी एवं मकान तो बड़े पैमाने पर बनाए जा रहे हैं लेकिन टैक्स वसूली को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### संपत्तिकर में सर्वाधिक 95 लाख वसूली का लक्ष्य

जांजगीर-नैला पालिका परिषद को संपत्ति कर के माध्यम से करीब 95 लाख 14 हजार रुपए की वसूली की जानी है। इसी प्रकार समेकित कर में 77 लाख 14 हजार जलकर में 50 लाख 70 हजार, दुकान किराया के माध्यम से 32 लाख 68 हजार, यूजर चार्ज के माध्यम से 56 लाख 83 हजार एवं अन्य विभिन्न टैक्स के माध्यम से 60 लाख को मिलकर 3 करोड़ 72 लाख 49 हजार रुपए के राजस्व टैक्स वसूल का टारगेट मिला है। इधर टैक्स वसूली को लेकर पालिका प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी शहर वासियों के घरों तक दस्तक देकर टैक्स भरने को लेकर निर्देशित कर रहे हैं इसके बावजूद कई लोग टैक्स जमा करने को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

### की जा रही वसूली

पालिका प्रशासन को 3 करोड़ 72 लाख से अधिक का टैक्स वसूली का टारगेट मिला है। 1 करोड़ 48 लाख से अधिक की टैक्स वसूली की जा चुकी है वहीं अभी 2 करोड़ 24 लाख की वसूली करना बाकी है। पालिका की टीम द्वारा लोगों के घरों तक पहुंच कर टैक्स जमा करने कहा जा रहा है।

**-सर्वोत्तम अनंत,**
प्रभारी, राजस्व शाखा
नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला

# भारी वाहनों में हेल्पर नहीं होने से बढ़ रहे हादसे, पुलिस ने छेड़ा अभियान

## दो दिन में 153 वाहन चालकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारी वाहनों में हेल्पर नहीं रखने से बढ़ रहे सड़क हादसों को देखते हुए पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। दो दिन का विशेष अभियान चलाकर 153 ट्रेलर, हाइवा, ट्रक व अन्य बड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई है।

जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना पुलिस प्रशासन के लिए परेशानी का सबब बन गई है। ज्यादातर भारी वाहनों की चपेट में आकर लोगों की मौत हो रही है। सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले भर में दो दिवसीय विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रेलर, हाइवा, ट्रक सहित अन्य भारी वाहनों की सघन जांच की गई। अकलतरा एन एच , जांजगीर एवं अन्य राजमार्ग बलौदा, मुलमुला क्षेत्र में पुलिस द्वारा कैंप लगाकर बड़े वाहनों में हेलफर नहीं रखने वाले 153 वाहनों को पकड़ा गया।सभी वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि कई बड़े वाहन बिना हेल्पर के चलाए जा रहे हैं। वाहनों में हेल्पर की अनुपस्थिति से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, क्योंकि हेल्पर वाहन को पीछे करते समय, संकरे मार्गों में वाहन निकालते समय तथा आपात स्थिति में चालक की सहायता करता है। हेल्पर की मौजूदगी से सड़क पर अन्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। कई मामलों में यह देखा गया है कि बिना हेल्पर के बड़े वाहन चलाने से चालक को पर्याप्त दृश्य सहायता नहीं मिल पाती, जिससे दुर्घटनाएं होने की आशंका बढ़ जाती है। पुलिस ने सभी वाहन मालिकों एवं चालकों से अपील की है कि वे बड़े वाहनों का संचालन करते समय नियमों का पालन करें तथा अनिवार्य रूप से हेल्पर रखें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सभी की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्रवाई की जाएगी।



वाहनों की जांच करती पुलिस टीम।

### घर घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** मामुली विवाद पर घर अंदर घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च को छोटे बाई चंद्रा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी की पूर्व में जमीन बंटवारे को पुरानी रंजिश रखते हुए मामूली बातो को लेकर आरोपी महावीर चंद्रा द्वारा घर अंदर घुस कर अश्लील गाली गलौच कर डंडा और हाथ मुक्का से मारपीट की। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महावीर चंद्रा को पकड कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया। उसके द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# विवाद पर गण्डासे से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम किरारी में गाली-गलौज करते हुए गण्डासा से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार गण्डासा भी जब्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम किरारी निवासी प्रार्थी संतोष कुमार कश्यप की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 351(3), 115(2) भारतीय न्याय संहिता तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। घटना 15 मार्च की सुबह लगभग 7 बजे ग्राम किरारी स्थित शिव मंदिर के पास की बताई जा रही है। आरोपी संतराम कश्यप (58 वर्ष) ने प्रार्थी को मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने लोहे के घास काटने वाले धारदार गण्डासा से हमला कर दिया, जिससे प्रार्थी के हाथ में चोट लग गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद थाना अकलतरा पुलिस ने तत्काल मामले को विवेचना में लेकर आरोपी की तलाश शुरू की और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी के मूठ वाला लोहे का धारदार गण्डासा गवाहों की उपस्थिति में जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी संतराम कश्यप को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा सहित थाना अकलतरा के पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

### आदतन बदमाश अनाचार का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** थाना नवागढ़ क्षेत्र के आदतन गुड़ा बदमाश अनाचार के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केरा निवासी गुंडा बदमाश संतोष कोसले द्वारा एक महिला को जबरन डरा धमका कर अनाचार करने के मामले में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। आरोपी फरार चल रहा था जिसकी नवागढ़ पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही है। उक्त आरोपी को माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार पुलिस द्वारा फॉर्मल गिरफ्तारी कार्यवाही की गई है। प्रकरण की वर्तमान में विवेचना कार्यवाही की गई रही है।

# बिना अनुमति प्रार्थना सभा, खरौद में हुआ हंगामा

- शिवरीनारायण पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खरौद में रविवार को चल रही प्रार्थना सभा के दौरान माहौल गरमा गया। मोहल्ले वासियो ने मौके पर पहुंच कर प्रार्थना सभा का विरोध किया। मौके पर जमकर विवाद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिना अनुमति प्रार्थना सभा आयोजित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की।

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरौद के तिवारीपारा में रविवार 15 मार्च को प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। रमाशंकर साहू अपने निवास पर कुछ लोगों को एकत्र कर प्रार्थना सभा करा रहा था। इस बात की जानकारी होने पर मोहल्ले के निवासियों ने मौके पर पहुंच कर इसका विरोध किया। इस दौरान दोनों पक्ष के बीच जमकर विवाद हुआ। कुछ देर बाद हंगामा होने लगा और तनाव की स्थिति निर्मित हो गई।मामले की सूचना मिलने पर शिवरीनारायण पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस एवं गवाहों की उपस्थिति में संबंधित व्यक्तियों को कई बार समझाइश दी गई, लेकिन हंगामा जारी रहा। बिना अनुमति प्रार्थना सभा आयोजित करने तथा शांति व्यवस्था भंग करने की स्थिति निर्मित होने पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संभावित अप्रिय घटना की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा येनिवेश साहू उम्र 21 वर्ष, किशन यादव उम्र 23 वर्ष, रमाशंकर साहू उम्र 47 वर्ष, मोतीलाल रात्रे उम्र 35 वर्ष समेत दो महिला के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 एवं 135(3) के अंतर्गत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई।




पुलिस गिरफ्त में आए बिना अनुमति प्रार्थना सभा कराने वाले छह सदस्य।

### मुजफ्फरनगर से बेटे का अंतिम संस्कार कर लौटे परिजनों ने उठाए हत्या के आरोप

**हसौद।** हसौद क्षेत्र के युवक की उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। बेटे का अंतिम संस्कार करने के बाद माता-पिता रविवार को अपने गृह ग्राम हसौद पहुंचे। परिजनों ने बेटे की मौत को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। वहीं मामले की गंभीरता से जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हसौद निवासी सीताराम साहू की 12 मार्च की तड़के सुबह उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में रेलवे पटरी किनारे संदिग्ध अवस्था में लाश मिली थी। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली नगर क्षेत्र की रोहाना चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बेटे की मौत की सूचना मिलने पर माता-पिता जम्मू-कश्मीर से मुजफ्फरनगर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मुजफ्फरनगर के भोपा रोड नई मंडी स्थित श्मशान घाट में बेटे का अंतिम संस्कार किया। इसके बाद मृतक के माता-पिता और अन्य परिजन रविवार 15 मार्च की शाम अपने गृह ग्राम हसौद पहुंचे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जिससे घटना को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

## सरकारी संपत्ति की हो रही दुर्गति, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# खंडहर में तब्दील हो रहा जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक का भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक का पुराना भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है। ऐसे में सरकारी संपत्ति की दुर्गति किस तरह हो रही है इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के भारतीय स्टेट बैंक मुख्य ब्रांच के पास पूर्व में जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक शाखा जांजगीर का संचालन किया जा रहा था। इस बैंक में जांजगीर के अलावा आसपास के गांव के किसान एवं आम लोग भी बड़े पैमाने पर पैसों का आहरण एवं जमा करने के लिए पहुंचते थे। जैसे-जैसे समय बदलता गया उसके बाद इस बैंक का संचालन वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है, लेकिन देखरेख के अभाव के कारण यह पुराना बैंक का भवन अब धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। इसे विभागीय उदासीनता कहे या लापरवाही ऐसे में सरकारी संपत्ति की दुर्गति हो रही है। इसके अलावा भवन में कुर्सी टेबल भी धीरे-धीरे देखरेख के अभाव में धूल खा रहे हैं, जबकि प्रशासन के द्वारा इस भवन की साफ सफाई करा कर किसी भी विभाग का संचालन किया जा सकता है, लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। जानकारों का मानना है कि पूर्व में इस भवन में ग्रामीण विकास बैंक एवं जिला सहकारी कृषि बैंक का संचालन होता था। यहां सिवनी-नैला, बनारी, धाराशिव, पाली, खोखरा समेत अन्य गांव के छोटे एवं बड़े किसानों के अलावा आम लोग भी बैंक में लेनदेन करने के लिए पहुंचते थे, लेकिन पूर्व में संचालित बैंक का भवन जर्जर हो चुका है। इधर शासन द्वारा कई कार्यालयों का संचालन जुगाड़ या फिर किराए के भवन में किया जा रहा है, वहीं शहर के हृदय स्थल स्थित सरकारी भवन देखरेख के अभाव में जर्जर हो रहा है।



देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो रहा भवन।

# 5 वीं बोर्ड परीक्षा आज से, 19 हजार 850 छात्र होंगें शामिल

- जिले के 1 हजार 161 केन्द्रों में आयोजित होगा एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के 5 ब्लाक में 5 वी बोर्ड की परीक्षा सोमवार से आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में 19 हजार 850 छात्र छात्राएं शामिल होंगें। इसके लिए 1 हजार 161 केन्द्र भी बनाए गए है। वहीं दूसरी ओर 8 वी बोर्ड परीक्षा मंगलवार से प्रारंभ हो रही है। इस बोर्ड परीक्षा में 19 हजार 57 छात्र शामिल होंगें। बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

गौरतलब है कि सोमवार 16 मार्च से 5वीं बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो रही है।इस परीक्षा को लेकर जांजगीर चाम्पा जिले के पामगढ, नवागढ, बम्हनीडीह,अकलतरा एवं बलौदा ब्लाक को मिलाकर 1 हजार 161 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जहां 19 हजार 850 छात्र छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होंगें।5 वी बोर्ड परीक्षा का समय सुबह 9 से 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 8 वी बोर्ड परीक्षा मंगलवार 17 मार्च से आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा में करीब 19 हजार 57 छात्र छात्राएं शामिल होंगें। 8 वी बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में 618 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। कुल मिलाकर देखा जाए तो 5 वी एवं 8 वी बोर्ड की परीक्षा में करीब 38 हजार 907 छात्र छात्राएं शामिल होंगें। वहीं दोनो बोर्ड परीक्षा को लेकर 1 हजार 779 केन्द्र भी बनाए गए है।8 वीं बोर्ड परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इधर 5 वी एवं 8वी बोर्ड परीक्षाओ को लेकर केन्द्राध्यक्ष से लेकर निरीक्षण दलो का गठन भी कर दिया गया है। वहीं जिन-जिन केन्द्रों में परीक्षा का आयोजन किया जाना है। उन केन्द्रों में पेयजल, साफ सफाई, बिजली, एवं शौचालय की समुचित ब्यवस्था बनाने को लेकर निर्देशित किया गया है। बोर्ड परीक्षा के बाद आने वाले दिनो में स्थानीय स्तर की परीक्षा का आयोजन भी स्कूलो में किया जाना है। इस संबंध में डीईओ अशोक सिन्हा का कहना है कि 5 वीं 8वी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस परीक्षा में 38 हजार 907 छात्र छात्राऐ शामिल होंगें। परीक्षा को लेकर 1 हजार 779 केन्द्र भी बनाए गए है।



# सभी विकासखंड की सहकारी समिति में शुरु होंगे पशु औषधि केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

मवेशी पालकों को अब अपने मवेशियों के उपचार के लिए बड़ी राशि खर्च नहीं करनी पड़ेगी। शीघ्र ही उन्हें सस्ती दवाईयों की सुविधा मिलने जा रही है। शासन ने जिले के सभी विकासखंड में पशु औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लेते हुए इसकी प्रक्रिया भी शुरु कर दी है। जल्द ही इसके लिए आवेदन भी मंगाए जाएंगे। जिसका संचालन सहकारी समितियां करेंगे।

किसानो और मवेशी पालकों को मवेशियों के देखभाल और उपचार के लिए उपयोग में लायी जाने वाली दवाईयों का खर्च इतना ज्यादा होता था कि उन्हें इसके लिए एक बड़ी राशि खर्च करनी पड़ जाती थी। हालांकि पशु विभाग के डिस्पेंशरियों में दवाईयां की सुविधाएं जरुर दी गई है किंतु कभी कभी बड़ी दवाईयां डिस्पेंशरी में नहीं होने के कारण उन्हे बाजार से खरीदनी पड़ती थी। राज्य शासन की ओर से अब किसानो और मवेशी मालिकों को मवेशियों के उपचार के लिए आर्थिक भार से मुक्ति दिलाने का कार्य शुरु कर दिया गया है इसके लिए जिले के सभी पांचों विकासखंड में पशु औषधि केंद्र शुरु किया जाएगा जिनसे लोगों को सस्ती दवाईयां अपने मवेशियों के उपचार के लिए मिलेंगी। जिले के ग्रामीण अंचलों में मवेशियों की मौत सही समय पर उपचार और दवाईयों के नहीं मिलने के कारण हो जाती है। कई बार संक्रामक रोग फैलने के भी मामले सामने आए हैं। पशु औषधि केंद्र खोलने से मवेशी मालिकों को अब जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा।

## विभाग के द्वारा शुरू की जा रही है तैयारी

**खास बातें**

- महंगी दवाईयों से मवेशी मालिकों को मिलेगी मुक्ति




**तैयारियां की जा रही**

"सभी विकासखंड के मुख्यालय में एक एक पशु औषधि केंद्र शुरु करने के लिए निर्देश मिले हैं। जिसके संचालन का जिम्मा सहकारी समितियों को दिए जाने के निर्देश हैं विभाग के द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है।

-एस एन मिश्र, उप संचालक, पशु चिकित्सा विभाग

## मुर्गी पालन, गौ पालन का बढ़ा है दायरा

जिले के ग्रामीण अंचलों में मुर्गी पालन के साथ बकरी और गौ पालन का दायरा बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर मुर्गी और बकरी पालन को व्यवसाय के रुप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनाया है। जिनके रखरखाव व उपचार में एक बड़ी राशि खर्च होती थी जिससे कई बार मुर्गी और बकरी पालन का व्यवसाय करने वाले ग्रामीणों की हालत टूट जाती थी। अब पशु औषधि केंद्र खुलने के बाद इस व्यवसाय से जुड़े ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

## क्राइम की खबरें

### नेशनल टीम चैस चैंपियनशिप में शिवांगी व प्रभमन चयनित





**कोरबा।** अग्रेसन धाम रायपुर में 16 से 22 मार्च तक नेशनल टीम चैस चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है जिसमे पूरे देश के सभी राज्यों से कुल मिलाकर 330 खिलाड़ियों सह और मात के इस खेल में अपने राड़नीतिक कोसल व दिमाग का उपयोग कर कई खिताब हासिल करेंगे। इस चैंपियनशिप में लगभग 200 से अधिक ग्रैंड मास्टर/ फिडे मास्टर भी सम्मिलित है और कोरबा के लिए बाड़े गर्व की बात है कि इस चैंपियनशिप में हमारे कोरबा के दो बच्चे शिवांगी सोनी उम्र 13 वर्ष बालको और प्रभमन मल्होत्रा उम्र 15 वर्ष कोसाबाड़ी का भी चयन छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में शामिल है हम उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### ग्रामीणों से नौकरी के नाम पर ठगी, मामला दर्ज

**कोरबा।** एसईसीएल की दीपका परियोजना में कार्यरत निजी कंपनी केसीसी के अधिकारियों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों से नौकरी के नाम पर ठगी करने के साथ मारपीट और जातिगत अपमान के मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है। हरदीबाजार पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत और उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद कंपनी के कर्मचारियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और एससी एसटी एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता मुकेश कुमार चैतन्य और दीपक सिंह कंवर निवासी हरदीबाजार ने आरोप लगाया है कि उन्हें केसीसी कंपनी में ड्राइवर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर रामप्रताप पटेल ने 70 हजार की वसूली की थी। 25 फरवरी को जब पीड़ित अपना बकाया पैसा वापस मांगने कंपनी कार्यालय पहुंचे तो वहाँ मौजूद विकास दुबे, रामप्रताप पटेल और रवि सिंह ने पैसे लौटाने की बजाय पीड़ितों के साथ अभद्रता की। मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लियाहै।

### लैंगिक उत्पीड़न सहित अन्य समस्याओं को लेकर परिवाद समिति की बैठक सम्पन्न



**कोरबा।** नगर निगम में कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए गठित आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक सम्पन्न हुई। समिति के समक्ष किसी भी प्रकार की शिकायत व परिवाद न तो प्रस्तुत किया गया है और न ही लंबित है, इस पर समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा इसके प्रति सजग रहने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। निगम में कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिरोध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के अंतर्गत नगर निगम में आंतरिक शिकायत/परिवाद समिति का गठन किया गया है, जिसकी समय-समय पर बैठक आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में समिति की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक के दौरान पाया गया कि समिति के पास इस संबंध में कोई भी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इस पर समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा कार्यालय में लैंगिक उत्पीड़न संबंधी विषयों पर सजग रहने व किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित संज्ञान लेने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**कोरबा।** भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कोरबा के छात्र-छात्राओं द्वारा 10 मार्च को जिला अस्पताल कोरबा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों ने जिला अस्पताल की मैट्रन मैम को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया। छात्रों द्वारा मैट्रन मैम को पुष्प भेंट कर सम्मान प्रकट किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत सभी महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके समर्पण, सेवा भाव एवं समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना की। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करना था।

### जल उपचार संयंत्र में मरम्मत कार्यों के लिए पानी सप्लाई रहेगी बंद

**कोरबा।** आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत खते हुए नगर निगम के 32 एमएलडी जल उपचार संयंत्र में आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के कारण 15 मार्च को शाम के समय एवं 16 मार्च को सुबह जल आपूर्ति व्यवस्था बाधित रहेगा। आमनागरिकों से अपील है कि वे 15 मार्च को सुबह प्रदाय किए जाने वाले जल को संग्रहण करके रखें।

## कल से शुरु होगा बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य

# मूल्यांकन के लिए जिले को भेजी गई 1 लाख 13 हजार 967 कॉपियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य सोमवार से 2 मूल्यांकन केंद्र साडा कन्या और एनसीडीसी स्कूल में शुरु होगा। मूल्यांकन कार्य की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले चरण में 1 लाख 13 हजार 867 कॉपियां माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा जांचने के लिए जिले को भेजी गई हैं जिसके लिए 5 सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

**खास बात**

- दो चरणों में होगा मूल्यांकन कार्य

बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य के लिए दोनों मूल्यांकन केंद्रों में मूल्यांकन केंद्र प्रभारियों के द्वारा पिछले एक सप्ताह से की जा रही थी। मूल्यांकन के लिए एक एक कमरे में 20 टेबल लगाई गई है। दोनों केंद्रों में मूल्यांकन के लिए 8 कमरे तैयार किए गए हैं। दो चरणों में होने वाले मूल्यांकन का पहला कार्य 16 मार्च से शुरु होगा और इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा जितनी कॉपियां भेजी गई हैं उनकी संख्या 1 लाख 13 हजार 967 है। इनमें साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में 61 हजार 967 कॉपियां भेजी गई हैं जिनमें हाईस्कूल की 44486, हायर सेकेण्डरी की 17471 कॉपियां शामिल हैं। इसी तरह एनसीडीसी स्कूल में मूल्यांकन के लिए कुल 52 हजार कॉपियां भेजी गई हैं। जिसमें हाईस्कूल 37500 एवं हायर सेकेण्डरी की लगभग 14600 कॉपियां भेजी गई हैं। इन कॉपियों के मूल्यांकन हेतु शिक्षकों की ड्यूटी लगाते हुए उन्हें इसकी सूचना भेज दी गई है। दोनों की केंद्रों में कॉपियों के मूल्यांकन हेतु 500 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इनमें साडा कन्या मूल्यांकन केंद्र में 2 सौ शिक्षक और एनसीडीसी स्कूल में 3 सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी।


फाइल फोटो

### कहां किस ब्लॉक के शिक्षकों की ड्यूटी

मूल्यांकन कार्य के लिए ब्लॉक मुख्यालय को जारी की गई शिक्षकों की ड्यूटी सूची के अनुसार स्कूल के प्राचार्यों और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को मूल्यांकन के लिए शिक्षकों को कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। कोरबा साडा मूल्यांकन केंद्र में कोरबा और कटघोरा विकासखंड के शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी। वहीं एनसीडीसी मूल्यांकन केंद्र में पाली, करतला और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

### मोबाइल पर रहेगी रोक

मूल्यांकन कार्य के दौरान कोई भी शिक्षक मोबाइल का उपयोग नहीं कर सकेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इसके लिए निर्देश भी जारी कर दिए हैं। कॉपियों के कड़ाई से मूल्यांकन को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा लगातार निर्देश दिए जाते हैं। बीते वर्ष मूल्यांकन कार्य के दौरान मोबाइल के उपयोग की भी जानकारी सामने आयी थी जिस पर प्रशासन की टीम ने दोनों मूल्यांकन केंद्रों में अचानक दबिश दी थी। बताया जाता है कि मोबाइल उपयोग की जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल को भी दी गई थी।

## पुलिस बनकर दी थी धमकी, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पताढ़ी निवासी सनत कुमार कश्यप उम्र 25 वर्ष पिता धनीराम कश्यप अशोक लीलैंड वर्कशॉप में काम करता था। सनत कुमार के द्वारा बीते दिनों सुसाइड किया गया था और सुसाइड का वीडियो बनाकर वायरल किया था। वीडियो में मृतक ने कहा कि जिला जांजगीर चाम्पा के बलोदा थाना के पंतोरा चौकी के द्वारा इसे फ़ोन कर उसके साथ गाली गलोच कर प्रताड़ित किया जिससे प्रताड़ित होकर आत्महत्या कर रहा हूं कहकर आत्महत्या किया है। सुचना मिलने पर जिला जांजगीर चाम्पा पुलिस द्वारा तत्काल प्रकरण में जांच प्रारभ किया जिसमें तथ्य सामने आया कि ग्रेवरा बस्ती निवासी सचिन खरे उम्र 30 साल पिता मुकुंदराम खरे की बहन 12 मार्च को कॉलेज जा रही हुं कहकर घर से गयी जो रात्रि तक वापस घर नहीं आने पर सचिन खरे द्वारा पता तलाश करने पर उसे ज्ञात हुआ कि धीरेन्द्र पाटले जो सचिन खरे का मामा का लड़का है के साथ जाना, ज्ञात होने पर सचिन खरे ने धीरेन्द्र पाटले के दोस्त सनत कश्यप को पुलिस बनकर अपने भाई मामा के लड़के शैलेन्द्र पाटले के फ़ोन नंबर 9669715797 से मृतक सनत कश्यप के फ़ोन नंबर 6267237268 में कॉल कर मै पंतोरा चौकी से पुलिस वाला बोल रहा हूं कहकर गाली गलौच कर थाना उपस्थित आने कहने पर डर से मृतक ने आत्महत्या किया। जिसपर जांजगीर पुलिस ने आरोपी सचिन खरे को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। मामले में पुलिस ने धारा 204 बीएनएस का अपराध कायम कर जांच कार्यवाही की जा रही है। वहीं आरोपी की बहन स्नेहा खरे के गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना कुसमुंडा दर्ज है।

**खास बातें**

- युवक ने क्षुब्ध होकर की थी आत्महत्या, सोशल मीडिया में वीडियो किया था वायरल
- सुसाइड का वीडियो वायरल में युवक ने जांजगीर-चांपा के बलौदा थाना था किया था जिक्र

# संगठन को मजबूती से खड़ा करना सबकी जिम्मेदारीः लैतफ्लांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान की समीक्षा उपरांत संगठनात्मक पूर्णता एवं संगठन की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से समस्त ब्लाक, मंडल, वार्ड एवं बूथों में संगठनात्मक ढांचा को यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने को लेकर एआईसीसी सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी सूश्री जरिता लैतफ्लांग ने टी पी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश के साथ जिम्मेदारी दिया। बैठक को संबोधित करते हुए एआईसीसी सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी जरिता लैतफ्लांग ने कहा कि संगठन में ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी का गठन कर संगठन को मजबूती से खड़ा करना आपकी जिम्मेदारी है। आपको बूथ तक खुद जाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश, जिला, ब्लॉक, मंडल एवं वार्ड के प्रमुख पदाधिकारियों को उनके निवासरत बूथ में बीएलए नियुक्त किया जाना जरूरी है। बूथ कमेटी को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से गठन करना होगा, कहीं ऐसा ना हो कि बूथ कमेटी के जगह भूत कमेटी बन जाए।

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बताया कि कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चार ब्लॉक कमेटी बनाए गए हैं, जिसमें दर्री जमनीपाली 14 वार्ड, 60 बूथ, बालको 10 वार्ड 45 बूथ, कुसमुण्डा 6 वार्ड 20 बूथ और कोरबा 37 वार्ड 174 बूथ शामिल हैं। श्री अग्रवाल ने कोरबा ब्लॉक कमेटी को दो भागों में विभाजित करने एक ब्लॉक कमेटी बढ़ाते हुए कुल पांच ब्लॉक कमेटी बनाने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के विचारों को दिलोजान से मानने वाले ऐसे अनेकों हैं लोग जो पार्टी के लिए कारगर हो सकते हैं, पर उन्हें मौका नहीं मिला, उन्हें आप आगे ला सकते हैं। कोरबा कांग्रेस प्रभारी विजय केशरवानी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के सभी 90 विधानसभा में मतदान केन्द्रों (बूथ) की संख्या बढ़कर 27196 हो गया है। कोरबा विधानसभा में भी 55 मतदान केन्द्र बढ़े हैं। जो 244 से 299 हो गया है। इन बूथों में सक्रिय कार्यकर्ताओं को उनके निवासरत बूथों पर बीएलए नियुक्त करना है। प्रत्येक बूथ में दो सक्रिय कार्यकर्ता, पदाधिकारी को बीएल नियुक्त करें। उन्होंने जिलाध्यक्ष को निर्देशित किया कि वे जल्द ही ब्लॉकवार प्रभारी नियुक्त करें और ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलवार प्रभारी नियुक्त करें। ब्लॉक और मंडल कमेटी का गठन जल्द करेंगे। हमें कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के प्रतिबद्ध ऐसे लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए, जो हर परिस्थिति में पार्टी के साथ खड़े रहे हैं। बैठक को बबिता, राजकिशोर प्रसाद, मुकेश राठौर, विकास सिंह, सुरेन्द्र जायसवाल, नत्थुलाल यादव आदि उपस्थित ते।


सभा को संबोधित करते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

## किशोरी ने की आत्महत्या, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 15 साल की किशोरी विगत दिनों अपने पिता के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी जहां बारात में पहुंचे एक युवक ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था जब किशोरी के पिता मौके पर पहुंचा तो युवक वहां से भाग खड़ा हुआ। जिसके बाद इस घटना से व्यथित होकर किशोरी ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। मामले में पुलिस ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देने वाले युवक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।


आरोपी

मामला कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत घटित हुई है। बताया जाता है कि यहां 7 मार्च को एक 15 वर्षीय किशोरी अपने पिता के साथ अपने एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने पहुंची थी। जहां रात को इस शादी समारोह में शामिल होने के लिए पड़ोसी जिला प्रेमनगर अन्नपूर्णा निवासी नरेंद्र उइके पिता मोहर साय भी पहुंचा हुआ था। जहां नरेंद्र ने किशोरी के साथ खेत में ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था और मौके से फरार हो गया था। जिसके बाद 8 मार्च को किशोरी ने नर्सरी में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया था। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू की थी और जांच के बाद पुलिस ने नरेंद्र उइके के खिलाफ धारा 137(2), 74, 107 बीएनएस, 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है।

### ढपढप में हनुमंत कथा का आयोजन 28 मार्च को

**कोरबा।** हनुमान भक्त धीरेंद्र शास्त्री के श्रीमुख से दिव्य हनुमंत कथा का आयोजन 28 मार्च से जिले के ग्राम ढपढप में शुरु होने जा रहा है। आयोजन समिति ने परंपरा अनुरूप सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस शुभ कार्य की पाती भेंटकर आमंत्रण संदेश के वितरण का शुभारंभ कर दिया है। इसके साथ ही प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन और कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल को भी आयोजन समिति की ओर से आमंत्रित किया गया है।

### लोक अदालत में पांच प्रकरणों का निराकरण

**कोरबा।** राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता एवं सदस्य पंकज कुमार देवड़ा के द्वारा प्रकरणों की सुनवाई की गई। जिला उपभोक्ता आयोग में बैंकिंग, बीमा, स्वास्थ्य से संबंधित 14 प्रकरणों को आपसी राजीनामा हेतु रखा गया था। जिसमें 5 प्रकरण में पक्षकारों की आपसी सहमति से प्रकरण का निराकरण किया गया। उक्त प्रकरण में पक्षकारों की आपसी सहमति से अवार्ड की राशि कुल 12 लाख 60 हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि दिलाई गयी। इस दौरान उपभोक्ता आयोग के मीडिएशन सदस्य श्रीराम श्रीवास, महेंद्र राजवाड़े, कर्मचारी नाजीर, रामनारायण पटेल, मनीराम श्रीवास, संजय शर्मा, नूतन राजपूत, राजेश्वर इंग्ले, विभिन्न प्रकरणों के पक्षकार एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## हसदेव पुल पर तेज रफ्तार स्वराज माजदा पलटी, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक स्वराज माजदा में लकड़ी लोडकर उदयपुर से रायपुर के लिए रवाना हुआ था कि बीच रास्ते में हसदेव पुल के समीप पहुंचा था कि मोड पर स्वराज माजदा गाड़ी नियंत्रित हो गई और पलट गई। जिससे मौके पर ही चालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दिनेश बंजारे उम्र 26 वर्ष स्वराज माजदा का चालक था जो शुक्रवार की रात उदयपुर से लकड़ी लोडकर रायपुर के लिए रवाना हुआ था। रात लगभग 11:30 बजे मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हसदेव ब्रिज के समीप मोड पर पहुंचा था कि उसकी तेज रफ्तार स्वराज माजदा गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई वाहन के पलटते ही चालक दिनेश बंजारे वाहन के साथ दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मोरगा चौकी प्रभारी मंगतूराम मरकाम अपने दलबल सहित मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर दिनेश बंजारे को किसी तरह बाहर निकाला गया। घटना की सूचना उसके परिजनों को दी गई पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।



## मकानों में चोरी करने वाले दंपती, गिरफ्तार

**कोरबा।** विगत दिनों सतनाम नगर में एक नहीं दो नहीं बल्कि चार मकानों का ताला टूटा था और चोरी की घटना सामने आयी थी। चोरी की इस गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है औरचोरी की घटना को एक दंपत्ति ने अंजाम दिया था। पुलिस ने दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मामले में एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी खोजबीन में जुटी हुई है।

सिविल लाईन क्षेत्र अंतर्गत अमित दिवाकर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 11 मार्च को वह अपने परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में गए हुए थे। अगले दिन सुबह घर वापस आने पर घर का ताला टूटा हुआ पाया गया तथा घर के अंदर रखे सोने-चांदी के जेवरात, चांदी की पायल, एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन एवं नगदी रकम लगभग 5 हजार रुपये चोरी हो गया था, इसी तरह सिविल लाईन क्षेत्र अंतर्गत नंद कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 मार्च को ही वह भी परिवार सहित शादी कार्यक्रम में गए थे। अगले दिन सुबह घर वापस आने पर घर का ताला टूटा हुआ मिला तथा घर के अंदर रखे चांदी की पायल, बच्चों का चांदी का जुड़ा एवं नगदी रकम लगभग 11 हजार रुपये की चोरी हो गया था दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।

जांजगीर मार्केट

फर्नीचर

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# 'कॉकटेल 2' सिनेमाघरों में 18 मार्च को होगी रिलीज...

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन की तिकड़ी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' लंबे समय से चर्चा में है। पिछले दिनों खबर आई थी कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है जिसके बाद से फैंस इसकी झलक देखने के लिए उतावले थे। इस बीच, निर्माता मैडॉक फिल्म्स ने 'कॉकटेल 2' से जुड़ा एक बड़ा अपडेट साझा किया है। उन्होंने आधिकारिक ऐलान करते हुए बताया है कि फिल्म की पहली झलक को 'धुरंधर 2' के साथ जारी किया जाएगा। निर्माताओं ने 'कॉकटेल 2' से कृति, रश्मिका और शाहिद की तस्वीरें साझा की हैं जो फिल्म से जुड़ी प्रतीत होती हैं।

## लाइफ Style

# प्रियंका

## 'द ब्लफ' ने बनाया 30 करोड़ मिनट का महा-रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उन्हें दुनियाभर के दर्शकों का बेशुमार प्यार क्यों मिलता है। उनकी हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' ने स्ट्रीमिंग की दुनिया में झंडे गाड़ दिए हैं।

समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिलने के बावजूद अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होते ही ये फिल्म दुनिया की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली स्ट्रीमिंग ओरिजिनल फिल्म बन गई है। प्रियंका ने 'द ब्लफ' में 'ब्लडी मैरी' का एक बेहद उग्र और साहसी अवतार अपनाया है। हालांकि, फिल्म को समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन स्ट्रीमिंग की रेस में इसने बाजी मार ली है। 'द ब्लफ' दुनियाभर के ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली ओरिजिनल फिल्म बनकर उभरी है। वैराइटी के मुताबिक, फिल्म ने 'स्ट्रीमिंग ओरिजिनल्सः फिल्म' चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। ये डेटा 27 फरवरी से 5 मार्च, 2026 के बीच की अवधि का है। प्रियंका की इस जीत से उनके प्रशंसक सातवें आसमान पर हैं। 'द ब्लफ' की कहानी कैरिबियन द्वीप के एक खूबसूरत कस्बे में रहने वाली एर्सेल बोर्डन (प्रियंका) के इर्द-गिर्द घूमती है। एर्सेल एक साधारण मछुआरिन की तरह अपने बेटे और ननद के साथ शांति से जीवन बिता रही है, लेकिन ये शांति तब भंग हो जाती है, जब उसके पति, नाविक टीएच बोर्डन (इस्माइल क्रूज कोर्डोवा) को कॉनर (कार्ल अर्बन) नाम का एक क्रूर समुद्री डाकू बंदी बना लेता है।




## हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर में बजाया था भारत का डंका

**नई दिल्ली।** ऑस्कर 2026 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और पूरी दुनिया की नजरें 15 मार्च को होने वाले इस बड़े अवॉर्ड शो पर टिकी हैं। भारत में भी हर साल की तरह इस बार भी ऑस्कर को लेकर काफी एक्साइटमेंट है। इसी बीच एक दिलचस्प सवाल फिर चर्चा में आ गया है कि आखिर वो कौन-सी फिल्म थी जिसने सबसे पहले ऑस्कर के मंच पर भारत का नाम चमकाया था। इसका जवाब है 1982 में आई फिल्म 'गांधी'। महात्मा गांधी की जिंदगी और उनके संघर्ष पर बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में खूब तारीफ बटोरी थी।



# गेम्स ऑफ थ्रोन्स का जादू कायम मिली 9.7 की ऐतिहासिक रेटिंग

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ की नई सीरीज 'ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स ने दर्शकों को फिर से वेस्टरोस की दुनिया में खींच लिया है। सीरीज का चौथा एपिसोड 'सेवन' आईएमडीबी पर 9.7 की रेटिंग हासिल कर चुका है, जो ना सिर्फ इस सीरीज का अब तक का सबसे ऊंचा स्कोर है, बल्कि पूरे 'गेम ऑफ थ्रोन्स' यूनिवर्स में सबसे अधिक रेटेड एपिसोड्स में से एक बन गया है। यह एपिसोड फरवरी, 2026 को रिलीज हुआ था, जो सुपर बाउल 60 के कारण अपनी नियमित साप्ताहिक रिलीज से पहले आया। दर्शकों की प्रतिक्रियाओं से साफ है कि जॉर्ज आर.आर. मार्टिन की नॉवेला पर आधारित यह प्रीक्वल सीरीज उम्मीदों से कहीं आगे निकल रही है। पहले तीन एपिसोड्स ने दर्शकों को टूर्नामेंट्स, स्क्वायर की मजाकिया बातचीत और हल्के-फुल्के माहौल से परिचित कराया, लेकिन चौथा एपिसोड 'सेवन' ने कहानी को एक गंभीर मोड़ दिया।



# क्रांतिकारी महिला की बायोपिक का हिस्सा

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने राजनीति करियर से समय निकालकर फिल्मी दुनिया में वापसी कर ली है। साल की शुरुआत में खबर आई थी कि वह अपनी 2024 में घोषित फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग में जुट गई हैं। अब एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंगना अगली फिल्म के लिए बातचीत के दौर में हैं। भारत की पहली क्रांतिकारी महिला जासूस पर आधारित इस बायोपिक का निर्देशन शिवम नायर कर सकते हैं। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड के मुताबिक, कंगना एक फीचर बायोपिक के लिए बातचीत कर रही हैं जिसमें वह नीरा आर्य का किरदार निभाती दिखाई दे सकती हैं। निर्माता शिवम नायर से निर्देशन के लिए संपर्क किया गया है, जिन्हें 'नाम शबाना' और 'द डिप्लोमैट' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।



# 'नागबंधम' के 'नमो रे' गाने का पोस्टर जारी

**मुंबई।** बेहद चर्चित फिल्म नागबंधम के मेकर्स ने इसके पहले गाने "नमो रे" के प्रोमो रिलीज की तारीख का ऐलान कर दिया है। पूरा गाना 15 मार्च 2026 को रिलीज किया जाएगा। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर फिल्म का टीज़र आने के बाद से ही इसे लेकर काफी चर्चा है। इस टीज़र ने रिलीज के महज 24 घंटों में 20 मिलियन (2 करोड़) से ज्यादा व्यूज पार कर लिए थे। रिपोर्ट के अनुसार यह 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बन गई है। सोशल मीडिया पर यह खबर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, "एक पवित्र गूंज आने वाली है और नागबंधन का म्यूजिकल सफर शुरू हो रहा है। पहला सिंगल प्रोमो कल आ रहा है पूरा गाना 15 मार्च को सुबह 11.11 बजे रिलीज होगा। नागबंधन का टीजर काफी पसंद किया गया

## टीवी मसाला



# 'घर जेल' सीक्वेंस में दुख और मज़बूती का संतुलन दिखाना भावुक अनुभव

**मुंबई।** अभिनेत्री करूणा पांडे का कहना है कि एक अभिनेत्री के तौर पर सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल के 'घर जेल' सीक्वेंस में दुख और मज़बूती का संतुलन दिखाना उनके लिए भावुक अनुभव रहा। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल एक प्रेरणादायक कहानी है पुष्पा (करुणा पांडे) की, जो एक मज़बूत और आत्मनिर्भर महिला है। गृहिणी से वकील बनने तक का सफ़र तय करने वाली पुष्पा ने जिंदगी की सबसे कठिन चुनौतियों का सामना किया है। निजी दुखों के बावजूद वह न्याय की लड़ाई लड़ती है और अपने मूल्यों पर अडिग रहती है, चाहे रास्ता कितना भी मुश्किल क्यों न हो। आने वाले एपिसोड्स में शनाया (मुस्कान बामने) के खिलाफ़ चल रहे केस में कोर्ट का फैसला सबको हैरान कर देगा। सबूतों से साबित होता है कि शनाया की लापरवाह ड्राइविंग की वजह से पुष्पा की बहू, प्रार्थना (पूजा कटुर्दे) की मौत हुई, लेकिन जब कोर्ट शनाया की उम्र को ध्यान में रखता है, तो मामला नया मोड़ लेता है। चूंकि शनाया नाबालिग है, उसे सामान्य जेल की सज़ा नहीं दी जा सकती। इसके बजाय जज एक अनोखा फ़ैसला सुनाते हैं शनाया को 'घर जेल' की सज़ा मिलती है, जिसके तहत उसे पुष्पा की देखरेख में उनके चाल में रहना होगा। यह फ़ैसला पुष्पा के परिवार और पूरे समुदाय को झकझोर देता है। हर कोई उस इंसान को अपने बीच स्वीकार करने को तैयार नहीं है, जिसकी वजह से उन्होंने अपने प्रियजन को खोया। दूसरी ओर, शनाया के लिए चाल की ज़िंदगी में ढलना बेहद मुश्किल है। लेकिन पुष्पा का मानना है कि जवाबदेही के साथ आत्मचिंतन और बदलाव ज़रूरी है। जैसे ही शनाया पुष्पा की दुनिया में कदम रखती है, रिश्तों में तनाव और भावनाओं का तूफ़ान और गहरा हो जाता है। शो में पुष्पा का किरदार निभा रही करुणा पांडे ने कहा कि पूरा कोर्टरूम सीक्वेंस बहुत भावुक है क्योंकि पुष्पा अपनी बहू प्रार्थना के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रही है। लेकिन जब फ़ैसला आता है, तो वह किसी ने सोचा भी नहीं था। चूँकि शनाया नाबालिग है, कोर्ट 'घर जेल' का फ़ैसला सुनाता है, जहाँ उसे पुष्पा की देखरेख में रहना होगा। यह स्थिति पुष्पा के लिए बेहद जटिल है। एक माँ के तौर पर और एक इंसान के तौर पर जो न्याय में विश्वास रखती है। इस सीक्वेंस को शूट करते समय मैं लगातार सोच रही थी कि पुष्पा के लिए कितना कठिन होगा उस इंसान के साथ रहना, जो उसे उसकी गहरी पीड़ा की याद दिलाता है।

# ऐन वक्त पर पेरिस के बड़े इवेंट से हुईं बाहर

*मुंबई। पूर्वी एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालातों का असर अब बॉलीवुड सितारों पर भी दिखने लगा है। सुरक्षा कारणों से उड़ानें रद्द होने के चलते अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना पेरिस दौरा रद्द करना पड़ा है। दीपिका एक बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली थीं, लेकिन उड़ानें रद्द होने के कारण वो इस इवेंट से पीछे हट गई हैं। दीपिका की टीम ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस दौरे को रद्द करने का फैसला किया है।*

## मिडिल ईस्ट में तनाव बना मुख्य कारण

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद उपजे भीषण युद्ध के हालातों का असर अब बॉलीवुड की वैश्विक गतिविधियों पर दिखने लगा है। अभिनेत्री और लग्जरी ब्रांड लुई विटों की ग्लोबल एंबेसडर दीपिका पादुकोण को अपनी पेरिस यात्रा और वहां होने वाले एक बड़े अंतरराष्ट्रीय इवेंट से ऐन वक्त पर पीछे हटना पड़ा है। तनावपूर्ण स्थिति के कारण विमान परिचालन बेहद सीमित कर दिया गया है, जिसके चलते दीपिका की फ्लाइट आखिरी समय पर रद्द कर दी गई।

सब कुछ था तैयार, लेकिन हालात बने रुकावट

सूत्रों के मुताबिक, दीपिका इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार थीं। उन्होंने अपने कपड़े फाइनल कर लिए थे और फिटिंग्स भी शुरू हो



चुकी थी। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालातों के चलते उनकी फ्लाइट रद्द कर दी गई। युद्ध की गंभीरता और सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए दीपिका ने इस समय यात्रा करना उचित नहीं समझा और आखिरकार इस इवेंट से अपना नाम वापस ले लिया।

## दीपिका के पास ये 2 बड़ी फिल्में

दीपिका एक बार फिर शाहरुख खान संग स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। फिल्म में शाहरुख की बेटी, सुहाना खान भी मुख्य भूमिका में हैं। शाहरुख के साथ चेन्नई एक्सप्रेस, ओम शांति ओम, हैप्पी न्यू ईयर और पठान जैसी फिल्मों में काम करने के बाद दीपिका एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने को तैयार हैं। उधर साउथ के मशहूर निर्देशक एटली की अगली फिल्म भी दीपिका के पास है, जिसमें उनकी जोड़ी पहली बार अल्लू अर्जुन के साथ बनी है।

# धुरंधर 2 में यादगार किरदार निभाते आएंगी नजर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर 2: द रिवेंज' इस वक्त सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा बटोर रही है। एक ओर फैंस इसकी रिलीज तारीख पर नजरें गड़ाए बैठे हैं। दूसरी तरफ इसकी कहानी और किरदार से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बातें उनका ध्यान खींच रही हैं। अटकलें तो पहले से हैं कि यामी गौतम 'धुरंधर 2' में दमदार कैमियो के साथ दर्शकों को चौंका देंगी। अब उनके किरदार को लेकर एक ताजा जानकारी हाथ लगी है।

## 'धुरंधर 2' में क्या होगा यामी गौतम का किरदार?

बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड के मुताबिक, 'धुरंधर 2' में यामी का कैमियो एक अस्पताल के दृश्य में होगा। उनकी मौजूदगी क्षणिक नहीं होगी, बल्कि एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी। रिपोर्ट के अनुसार, यामी का कैमियो कहानी को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आगे बढ़ाने के लिए रखा गया है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि अभिनेत्री वही खुफिया अधिकारी की भूमिका में दिखेंगी जो उन्होंने विक्की कौशल की फिल्म 'उरी' में निभाया था। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



## जानिए कब रिलीज हो रही 'धुरंधर 2'

'धुरंधर 2' अगले हफ्ते 19 मार्च, 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। यह दिसंबर, 2025 में आई 'धुरंधर' का दूसरा पार्ट है जिससे लोगों को काफी उम्मीदें हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि पहली किस्त ने दुनियाभर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1340 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार किया था। यह 2025 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बनकर उभरी थी। अब देखना होगा कि 'धुरंधर 2' इस रिकॉर्ड तो तोड़ती है या नहीं।

## फिल्म रणबाली 1870 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित

# साउथ से बॉलीवुड तक, रश्मिका इन बड़ी फिल्मों से करेंगी बॉक्स ऑफिस पर राज


*मुंबई। भारतीय सिनेमा में 'नेशनल क्रश' के नाम से मशहूर रश्मिका मंदाना इन दिनों सफलता के उस मुकाम पर हैं, जहां हर बड़ा फिल्म मेकर उनके साथ काम करना चाहता है। 'पुष्पा: द राइज' की वैश्विक सफलता के बाद, रश्मिका अब रुकने के मूड में नहीं हैं और अब वो अपनी आने वाली कई बड़े बजट की फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ा धमाका करने की तैयारी में हैं। एक नजर रश्मिका की आने वाली चर्चित फिल्मों पर...*

### 'मायसा'

रश्मिका की आगामी फिल्मों की सूची में 'मायसा' एक बेहद खास और चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट है। ये एक तेलुगू एक्शन ड्रामा है, जिसमें रश्मिका एक ऐसी सशक्त नायक की भूमिका निभा रही हैं, जो पूरी फिल्म की जान और रूह है। इस फिल्म में रश्मिका एक गोंड आदिवासी महिला के रूप में नजर आएंगी। निर्देशक रविंद्र पुल्ले ने रश्मिका के किरदार को काफी बारीकी से गढ़ा है। फिल्म इसी साल के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

### 'रणबाली'

रश्मिका की आगामी फिल्मों में 'रणबाली' खूब चर्चा में है, क्योंकि इसमें वो अपने पति विजय देवरकोंडा के साथ नजर आएंगी। शादी के बाद ये दोनों की साथ में पहली फिल्म होगी। फिल्म 1870 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें रायलसीमा के स्वतंत्रता सेनानी रणबाली (विजय) के ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष को दिखाया गया है। रश्मिका 'जयम्मा' के किरदार में हैं, जो एक मजबूत और महत्वाकांक्षी पत्नी है। फिल्म 11 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### 'पुष्पा 3: द रैम्पेज'

'पुष्पा' फ्रैंचाइजी की अपार सफलता के बाद दर्शक इसके तीसरे भाग यानी 'पुष्पा 3: द रैम्पेज' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की कहानी इस बार पुष्पा राज (अल्लू अर्जुन) द्वारा अपने खोए हुए साम्राज्य को फिर से हासिल करने पर केंद्रित होगी, जिसमें रश्मिका का किरदार श्रीवल्ली पहले से कहीं अधिक मजबूत और महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देगा। फिल्म की शूटिंग 2027 में शुरू होने की उम्मीद है। ये 2028 तक दर्शकों के बीच आ सकती है।

### 'कॉकटेल 2', 'एनिमल पार्क' और 'AA22xA6'

निर्देशक होमी अदजानिया 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं, जिसमें रश्मिका और कृति सैनन के किरदारों के बीच एक लेस्बियन रिलेशनशिप (समलैंगिक संबंध) को दिखाया जा सकता है। शाहिद कपूर फिल्म के हीरो हैं। फिल्म 11 जून 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। उधर 'एनिमल पार्क' में रश्मिका 'गीतांजलि' के रूप में वापसी करेंगी, जो कहानी को आगे ले जाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका बड़ी तेलुगू फिल्म AA22xA6 भी लेकर आ रही हैं।

**खबर संक्षेप**

## डोंगाकोहरौद में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन



**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद में जिला पंचायत मद से सी सी रोड का भूमि पूजन किया गया। विकासखण्ड पामगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगाकोहारौद में जिला पंचायत द्वारा कमल धीवर के मकान से आत्मानंद हाई स्कूल तक अतिआवश्यक सड़क लगभग 3.79 लाख की लागत से सीसी रोड के निर्माण का भूमि पूजन जिला पंचायत सदस्य प्रीति दिव्य द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि शिक्षा सड़क स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास कार्य हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर ग्राम पंचायत ग्राम सरपंच श्रीमती आशा देवी भास्कर, पंडित उमाशंकर पाण्डेय, उप सरपंच रथराम पटेल, सरपंच प्रति निधि दुकालू भास्कर ,रवि पटेल, सुखासागर श्रीवास, राजाराम पटेल, पुनेश्वर रात्रे, पूर्णिमा धीवर, अनिल कुमार भास्कर, कमल धीवर व ग्रामवासी तथा क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

## अमेरिकी युनिवर्सिटी ने राघवेन्द्र को दी डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**जांजगीर–चाम्पा।** जिले के प्रतिष्ठित व्यक्ति और कुटरा मालगुजार परिवार से जुड़े राघवेन्द्र रामसरकार पाण्डेय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त हुआ है। अमेरिका स्थित सीडरब्रुक यूनिवर्सिटी ने सामाजिक सद्भाव, शिक्षा विस्तार और ग्राम विकास के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें स्वर्ण पदक के साथ डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया है।



विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत उन्हें भविष्य में मानद उपाधियों के लिए योग्य व्यक्तियों की अनुशंसा करने का अधिकार भी प्रदान किया गया है। नई दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल, मेपल गोल्ड बैंक्वेट हॉल में 22 फरवरी को आयोजित युनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाना था, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से वे समारोह में उपस्थित नहीं हो सके। बाद में विश्वविद्यालय द्वारा उनकी पीएच.डी. की डिग्री, स्वर्ण पदक और अन्य सम्मान सामग्री कोरियर के माध्यम से भेजी गई। राघवेन्द्र पाण्डेय छात्र जीवन से ही सामाजिक गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों के वंचित और गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत विद्यालयों में प्रवेश दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं के विस्तार, सामाजिक समरसता और ग्राम विकास को बढ़ावा देने निरंतर प्रयास किए हैं।

## केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को विभिन्न जनहितकारी मांगों से कराया अवगत

**चांपा।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सांसद कमलेश जांगड़े ने सौजन्य भेंट कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित जांजगीर–चांपा लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न महत्वपूर्ण जनहितकारी मांगों से अवगत कराया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली किसी एक प्रमुख ट्रेन का नाम महान संत, समाज सुधारक एवं सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत गुरु घासीदास बाबा के नाम पर रखने तथा खरसिया–नया रायपुर–परमलकसा नई रेल परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित गिरौदपुरी रेलवे स्टेशन का नाम संत गुरु घासीदास बाबा के नाम पर रखने का आग्रह की। साथ ही नैला में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण, मिशन अस्पताल चांपा समपार पर अंडरब्रिज निर्माण, नहरिया बाबा मंदिर के समीप श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फुट ओवरब्रिज निर्माण, रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा नैला-जांजगीर में गोंडवाना एक्सप्रेस और साउथ बिहार एक्सप्रेस सहित चांपा में गीतांजलि एक्सप्रेस एवं कामाख्या–कर्मभूमि एक्सप्रेस जैसी प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग भी रखी। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि जांजगीर–चांपा लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मेरा सतत प्रयास जारी रहेगा। चांपा जंक्शन रेलवे स्टेशन की बहुप्रतीक्षित मांग को शामिल करने विकास तिवारी और राजेश तिवारी ने सांसद से निवास पर जाकर इन मांगों को पुनः शामिल करने पत्र दिया था।

### बुनकरों को रजिस्ट्रेशन कराने के बावजूद नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

# महज पंजीयन करने तक सिमटा ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज महज पंजीयन करने तक ही सिमटकर रह गया है, जिसके कारण पंजीकृत बुनकरो को शासन की योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। जिले में बुनकरों का एक बड़ा वर्ग बुनकरी के कार्यो में विगत कई सालों से लगे है।

गौरतलब है कि कोसे के कारीगरी के लिए देश में मशहूर जिले के बुनकरो को शासन की कई कल्याणकारी योजनाओ का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के बुनकर योजनाओ का लाभ पाने के लिए पंजीयन तो करा ले रहे है, लेकिन विभागीय अधिकारियों कर्मचारियो की उदासीनता के चलते पात्र हितग्राहियो को योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। वहीं ग्रामोद्योग विभाग का कामकाज महज पंजीयन करने तक ही सिमटकर रह गया है। जिले में पंजीकृत बुनकरों की संख्या 3 हजार से अधिक है। शासन की योजनाओं के तहत बुनकरों को कीट पालने की व्यवस्था, धागा उपलब्ध कराना, उपकरण सहित अन्य व्यवस्था बनाने का काम विभाग के माध्यम से किया जाना रहता है वहीं बुनकर समितियों की संख्या 80 है, लेकिन विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उदासीनता के चलते पंजीकृत बुनकरों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के चाम्पा क्षेत्र कोसे के कारोबार के लिए देश में मशहूर है वहीं चाम्पा शहर से बना कोसे का कपड़ा अमेरिका, रूस, जापान, समेत भारत के बैंग्लोर, चेन्नई, अमरावती, सूरत, पूणे, मुंबई, दिल्ली समेत अन्य क्षेत्रो में जाता है।



बुनकरी कार्य में जुटे श्रमिक।

लेकिन इसके बाद भी बुनकर के कारोबार से जुड़े लोगो को शासन की योजनाओ का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बुनकरों की स्थिती नहीं सुधर पाई है। ऐसे में वे अपेक्षाकृत कम मजदूरी राशि पाकर काम करने विवश है। वहीं जिम्मेदार विभाग के अफसर उनकी समस्याओ को लेकर गंभीर नही है, जिसके कारण उनके सामने आर्थिक संकट भी पैदा हो रहा है। जिले के चाम्पा शहर के अलावा प्रमुख तौर पर सिवनी चाम्पा, चोरिया, खम्हरिया, पोडीशंकर, बिर्रा, केरा, नवागढ, चंद्रपुर, जैजैपुर सहीत अन्य क्षेत्रो में देवांगन समाज समेत अन्य लोगों के द्वारा प्रमुख तौर पर बुनकरी का कार्य किया जाता है। वहीं कई बुनकर आज भी पुराने सिस्टम के आधार पर ही बुनकरी का कार्य करते है वहीं विभाग के अफसर भी आधुनिक बुनकर तकनीक सिखाने को लेकर गंभीर नही है, जिसके कारण बुनकरों को शासन की योजनाओ का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इधर शासन के द्वारा बुनकरों के हितों को ध्यान में रखकर पंजीयन करने से लेकर कई तरह के सरकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि बुनकर ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बन सके। वहीं पंजीयन कराने के बाद भी बुनकरों को योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# महिलाओं का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य : डॉ. गीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भारतीय मजदूर संघ जिला जांजगीर-चांपा के तत्वावधान में नारायण कुंज स्थित संघ कार्यालय में महिला सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. गीता सिंह रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं का सम्मान करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुर्रे ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय मजदूर संघ सदैव श्रमिकों और महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए कार्य करता रहा है और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाता रहेगा। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री संजय चौहान, आशा वर्कर महामंत्री संगीता रात्रे, राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण तिवारी, तथा रमा गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनके सामाजिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अमित गौरहा जिला कार्यवाह संघ उपस्थित रहे। इसके साथ ही कृष्णा कंवर सक्ती मध्यान्ह भोजन संघ जिलाध्यक्ष, रमेश साहू (कोषाध्यक्ष, भारतीय मजदूर संघ), ममता कश्यप स्वयं सेविका तथा रूखमणी पांडेय (बिहान लीडर, सिवनी भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान लगभग 50 महिलाओं का सम्मान किया गया। इनमें विशेष रूप से मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ, आशा वर्कर तथा बिहान समूह की महिलाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इन महिलाओं को उनके सेवा कार्य और समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यशपाल चौबे जिला मंत्री तथा अनुभव तिवारी जिला संयोजक, पर्यावरण विभाग सहित कई गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे संगीता रात्रे, रंजना टंडन, वंदना टंडन, संतोषी साहू, प्रमिला भारती, नेहा साहू, महेश्वरी साहू, शंकुतला जांगडे, चन्द्रवली चंदेल, शशि जांगडे, पूनम चौहान, रमा गोस्वामी का अंग वस्त्र दान से सम्मान किया गया। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि समाज में महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

■ भारतीय मजदूर संघ ने किया 50 महिलाओ का सम्मान

# प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय छात्रों के लिए मिल का पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमोरा सागरपारा अमोरा अकलतरा के कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद समारोह एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच श्रीमती सुधा नवल सिंह ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा की नींव रखने वाले शिक्षक जीवन पर्यंत स्मृति पटल में रहते है। प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय एक छात्र के लिए मील का पत्थर होता है जिसको पार करकर विद्यार्थी अपने जीवन की प्रथम सीढ़ी के रूप में चलना प्रारंभ करता है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रोगदा के प्रधान पाठक पुष्पराज सिंह चंदेल ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। शाला के प्रधान पाठक जयंत सिंह क्षत्रिय ने समस्त उपस्थित छात्र छात्राओं को कहा कि आप जितना अधिक शिक्षा ग्रहण कर सीखोगे और उसको अपने वास्तविक जीवन में क्रियान्वयन करोगे उतना ही अधिक आप सशक्त और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का निर्माण कर संपन्न होकर जीवन यापन करेंगे। इस अवसर पर शाला के छात्र छात्राओं को उनके चरित्र और उनके काबिलियत के अनुसार उनको टाइटल और उपनाम दिया गया जिससे सभी बच्चे बहुत खुश हुए और अंत में उत्साहपूर्ण वातावरण में सभी डी जे की धुन पर थिरके। कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमोरा के वरिष्ठ शिक्षक रजनीकांत धीवर ,धनेश राम वर्मा ,शैलेन्द्र कुंभकार ,श्रीमती रमा प्रधान ,ओमप्रकाश चंद्राकर सहित स्व सहायता समूह के सदस्यों ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

**खास बात**

■ मिडिल स्कूल आमोरा में आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न



## मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों की होगी निःशुल्क सर्जरी

**सक्ती।** जिले के मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों की सर्जरी एम्स रायपुर में निःशुल्क कराई जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य के मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों की सर्जरी भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में निःशुल्क कराई जा रही है। उक्त शिविर में जिला सक्ती के मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों को एम्स रायपुर ले जाने एवं वापस लाने के लिए समाज कल्याण विभाग, जिला सक्ती द्वारा निःशुल्क आवागमन की व्यवस्था की गई है। अतः जिले के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो मोतियाबिंद से पीड़ित हैं, वे इस शिविर में शामिल होकर निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी करा सकते हैं। शिविर में शामिल होने के इच्छुक वरिष्ठ नागरिक अपना आधार कार्ड एवं एक फोटो के साथ 20 मार्च तक जिला कार्यालय समाज कल्याण, जिला सक्ती में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मनोज कुमार साहू से संपर्क किया जा सकता है।

# मनुष्य को अपने जीवन में निरंतर करना चाहिए अच्छा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ग्राम पकरिया में देवांगन परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ में सम्मिलित हुए। ग्राम वासियों ने बहुत ही आत्मियता पूर्वक भजन -कीर्तन व आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया।

■ श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

व्यास पीठ पर विराजित आचार्य का राजेश्री महन्त ने शाल - श्रीफल से सम्मान किया, आचार्य ने भी सादर अभिवादन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि- ईश्वर की कृपा से इस तरह के आध्यात्मिक आयोजन संपन्न होते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप लोगों ने अपने जिन पूर्वजों के मोक्षार्थ इस ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया है वे प्रसन्न होकर आपको निश्चित ही आशीर्वाद प्रदान कर रहे होंगे। मनुष्य को अपने जीवन में निरंतर अच्छे से अच्छा कार्य करना चाहिए। गौ माता को उन्होंने विश्व की माता निरूपित करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार को अपने यहां गौपालन निश्चित रूप से करना चाहिए। गौ माता से ही हमें पंचगव्य की प्राप्ति होती है। गोधूलि बेला के संदर्भ में उन्होंने श्रीरामचरितमानस की चौपाई का उल्लेख करते हुए कहा कि - गोधूलि बेला बिमल सकल सुमंगल मूल अर्थात गोधूलि बेला संसार के समस्त मांगलिक कार्यों को पूर्ण करने वाली है इस समय किया गया प्रत्येक कार्य सिद्ध होता ही है। व्यास पीठ से आचार्य अनिल शुक्ल जी ने कहा कि - जिस यज्ञ में संतों की चरण धूलि पड़ जाती है वह यज्ञ पूर्ण हो जाता है इस अवसर पर विशेष रूप से मुख्तियार सुखराम दास जी, पन्नालाल देवांगन, बलराम देवांगन, वेदराम वर्मा, रामानुज निर्मलकर, पतिराम साहू, ईश्वरलाल साहू, परमेश्वर सायतोण्डे, देवनारायण देवांगन, पुरेंद्र सोनी, खगेश वर्मा, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।



ब्यासपीठ की पूजा अर्चना करते राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

# अग्रवाल महिला समिति ने धूमधाम से मनाया गणगौर महोत्सव

**अकलतरा।** अग्रवाल महिला समिति अकलतरा द्वारा पारंपरिक गणगौर पर्व बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस कार्यक्रम में अग्रवाल सेवा समिति का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो उठा। समिति की अध्यक्ष श्रीमती रीना केडिया ने बताया कि गणगौर महिलाओं की आस्था, सौभाग्य और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक पर्व है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, मेल-मिलाप और संस्कारों को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए आकर्षक गेम्स, मनोरंजक गतिविधियों एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ग्रैंड हाउजी रहा, जिसमें 11 हजार का उपहार पुरस्कार रखा गया था, जिसने सभी में विशेष उत्साह भर दिया। इसके अलावा न्यू जनरेशन, बिलासपुर की ओर से भी प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष रीना केडिया, उपाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सचिव अंजू अग्रवाल, सह-सचिव किरण तुलस्यान, कोषाध्यक्ष ममता अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।इसके अलावा बिलासपुर से अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती उमा छापरिया, अर्चना केडिया, मधु बगड़िया, मानसी केडिया, अग्रवाल महिला समिति की संस्थापक अध्यक्ष मिनी केडिया, संरक्षक संतोष अग्रवाल, सुनीता गोयल ने सहभागिता निभाई।



## आकस्मिक मृत्यु के 2 प्रकरणों में 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आकस्मिक आपदा मृत्यु के 2 प्रकरणों में चार-चार लाख रुपए के मान से 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। तहसील मुख्यालय नवागढ़ निवासी वासु सहिस की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी मां श्रीमती पुष्पा सहिस एवं ग्राम घुठिया निवासी सुनिता बाई की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी मां श्रीमती भगवती बाई को राजस्व पुस्तक 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

### भीमा तालाब स्थित शनि मंदिर प्रांगण में हुई बैठक में तैयार की गई रुपरेखा

# श्री राम जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

श्री रामनवमीं जन्मोत्सव समिति के द्वारा भीमा तालाब स्थित शनि मंदिर प्रांगण में श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा की अंतिम रूपरेखा हेतु शनिवार 14 मार्च को बैठक रखी गई। श्री राम जन्म महोत्सव 26 मार्च को उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। नैला रेलवे स्टेशन के पास गायत्री मंदिर के पीछे स्थित श्री राम मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी । इस पैदल शोभा यात्रा में नगर एवं आसपास के ग्राम के महिला, पुरुष ,बालवृंद पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे।

सबसे प्रथम मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की प्रतिकृति से सुसज्जित भव्य रथ रहेगा। रथ के दोनों तरफ झूमर वाली लाइट लगी रहेगी । इसमें 30 सदस्यों का दल रहेगा। श्री राम जी के रथ के पीछे में माताएं ,बहनें हमारी मातृशक्ति शामिल होंगी। शोभा यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण लाइव भजन आर्केस्ट्रा रहेगा। आर्केस्ट्रा का दल खुली ट्राली में भजन गाते हुए शोभायात्रा के साथ-साथ चलेगा। आर्केस्ट्रा के पीछे शोभायात्रा में सभी पुरूष वर्ग धोती कुर्ता या कुर्ता पायजामा के साथ शामिल होंगे।पीछे बिलासपुर की राज बैंड पार्टी चलेगी, जिसमें श्री राम जी से संबंधित भजन ,गीत के साथ शोभायात्रा में शामिल भक्तजन, भक्ति भाव के साथ नृत्य करेंगे। श्री रामनवमीं शोभायात्रा नैला रेलवे स्टेशन के पास स्थित श्री राम मंदिर से 26 मार्च को सायं 4 बजे प्रस्थान करेगी । शोभायात्रा (नेताजी) अकलतरा चौक से होते हुए कचहरी चौक जांजगीर के आगे दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर (पुलिस कंट्रोल रूम) के सामने पहुंचेगी। उसके उपरांत दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा । उसके उपरांत वहीं प्रसाद का वितरण होगा । शोभायात्रा का दक्षिण मुखी हनुमानजी के मंदिर जांजगीर में समापन होगा। बैठक में मनोज राठौर, रजनीश अग्रवाल, मनोज पाण्डेय, शिव शर्मा, ठाकुर श्री चमन सिंह ,राकेश रूपवानी ,संजय कसेर,रोशन केशरवानी, आलोक शुक्ला, एस के यादव, रविकांत मिश्रा, धीरज शुक्ला,राजेश शर्मा, गोविंद पाण्डेय ,योगेश कुमार शर्मा, योगेंद्र शुक्ला योगेंद्र पाण्डेय ,डॉक्टर सोनू यादव,आशुतोष गोस्वामी ,गोपाल शर्मा, देवानंद गढ़वाल ,सतीश शर्मा, आर पी यादव, मोहन यादव, सुशील सिंह अवधेश कहरा,गोलु दुबे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



बैठक में रुपरेखा तैयार करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com




रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411